आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 मई 2026 **सान्ध्य समाचार**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी बी एस ई द्वारा शुरू की गई नई ऑन–स्क्रीन मार्किंग– ओ एस एम प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक "प्रगतिशील साधन" है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में सीबीएसई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में स्वीकार किया कि सी बी एस ई की कक्षा 12वीं की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल में ओएसएम प्रणाली में विसंगतियों और तकनीकी खराबी को लेकर कुछ दिक्कतें सामने आयीं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

बच्चों को ट्रांसपेरेंटली अपने मार्क्स के बारे में जानकारी मिले। उनको ट्रांसपेरेंटली स्कैन कॉपी के माध्यम से उनकी आंसर शीट उनके हाथ में आए। ये ओएसएम की व्यवस्था है। पहली बार देश में सीबीएसई ने इसको प्रयोग किया। इसमें कुछ विसंगति ध्यान में आ रही है। इसको मैं दायित्व लेता हूं। उसको ठीक करा जाए। हम एक भी विद्यार्थी की अन अन्सार्ड क्वेरी को असमाधित नहीं छोड़ेंगे।

****

सर्वोच्च न्यायालय कक्षा नौ के विद्यार्थियों के लिए कम से कम दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने संबंधी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष न्यायालय ने कल केंद्र सरकार, बोर्ड और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर सरकार द्वारा पूर्वप्रभावी 28 प्रतिशत जीएसटी को बरकरार रखते हुए इसे वैध बताया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म केवल मध्यस्थ नहीं हैं, बल्कि उन्हें आपूर्तिकर्ता माना जाना चाहिए और उन पर वस्तु तथा सेवा कर–जीएसटी लागू होता है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सी यू ई टी– यूजी–दो हजार छब्बीस की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब इकतीस मई, छः और सात जून को आयोजित की जाएंगी। ईद–उल–अजहा के कारण तिथियां पुनर्निर्धारित की गई हैं। एनटीए ने बताया कि इकतीस मई को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। छः और सात जून की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

****

देश भर में वीर सावरकर की आज जयंती मनायी जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें नमन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि वीर सावरकर का साहस और देशभक्ति लोगों को सदा प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुधारों पर वीर सावरकर का अत्यधिक जोर था और इस दिशा में उनका ज्ञान उल्लेखनीय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीर सावरकर को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी है।

****

कुर्बानी का पर्व ईद–उल–अजहा प्रदेश में धार्मिक आस्था और उत्साह से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोगों ने आज सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित पूरे राज्य में कुर्बानी के फरायज को अंजाम दिया जा रहा है। कुर्बानी का सिलसिला 30 मई को सूर्यास्त तक जारी रहेगा। लखनऊ स्थित ऐशबाग ईदगाह के शाही इमाम खालिद रशीद फरंगी महली और अन्य मुस्लिम धर्म गुरुओं ने मुसलमानो से प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने की अपील की है। मौलाना खालिद ने बताया कि इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया ने बकरीद के लिए 12 बिंदुओं की एडवाइजरी जारी की है। पर्व को देखते हुए पूरे प्रदेश में संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। लखनऊ नगर निगम सहित राज्य के सभी स्थानीय निकायों ने भी 30 मई तक अपने अपने क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश कर्मचारियों को दिए हैं। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

****

मशहूर शायर और पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार डॉक्टर बशीर बद्र का आज मध्य प्रदेश के भोपाल में निधन हो गया। इक्यानबे साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। सोशल मीडिया पर लोग उनके मशहूर शेर साझा करके उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। डॉक्टर बशीर बद्र लंबे समय से डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका जन्म पन्द्रह फरवरी उन्नीस सौ पैंतीस को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में हुआ था।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश में कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और लू से राहत की उम्मीद जतायी है। विभाग के अनुसार आज रात से आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों के कई जिलों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान तेज आंधी के बीच कई जगहों पर बारिश और ओलावृष्टि होने की भी सम्भावना है।

****